This question paper contains 8+4 printed pages]

*Your Roll No*................

**3456**

**LL.B./II Term** **B**

Paper IV—CRIMINAL LAW II (Old Course)

*Time : 3 Hours* *Maximum Marks : 100*

(*Write your Roll No. on the top immediately on receipt of this question paper.*)

*Note* :— Answers may be written *either* in English *or* in Hindi; but the same medium should be used throughout the paper.

**टिप्पणी:**— इस प्रश्न-पत्र का उत्तर अंग्रेजी **या** हिंदी किसी एक भाषा में दीजिए; लेकिन सभी उत्तरों का माध्यम एक ही होना चाहिए।

Attempt any *Five* questions.

*All* questions carry equal marks.

कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।

**सभी** प्रश्नों के अंक समान हैं ।

1. (*a*) "Culpable Homicide is the genus and Murder is the species." Comment.

(*b*) X, with an intention to kill Y, gives him poisoned sweets to eat. Y without taking it and without knowing that they are poisoned passed it on to Z who consumed it and died instantaneously. Would it make any difference had Z died due to failure to give him prompt medical aid ?

(*a*) "आपराधिक मानव वध वंश है और हत्या जाति है ।" टिप्पणी लिखिए ।

(*b*) Y को मारने के आशय से X उसे विषैली मिठाई खाने के लिए देता है । Y ने बिना खाए तथा बिना जाने कि ये विषैली है उसे Z को दे दिया । Z ने उसे खा लिया तथा वह तत्काल मर गया । क्या इससे कोई अन्तर पड़ता यदि Z की मृत्यु शीघ्र चिकित्सा सहायता न मिल पाने के कारण हुई होती ?

2. After new admission of students in reputed college of Delhi, some senior students of the college called juniors to their room for ragging and gave some commands to be obeyed by the juniors. While this was going on, A and his friends gave mild beating to B who

had refused to comply with their command. B, who was a heart patient, became unconscious. A, and his friends made all efforts to revive him, but all was in vain. Believing B to be dead. A and hid friend took B to his hostel room and hanged him to give impression of suicide. Medical evidence proved that death was caused by hanging. What offence, if any, has been committed by A and his friends ?

दिल्ली के एक प्रतिष्ठित कालिज में विद्यार्थियों के नए प्रवेश के बाद कालिज के कुछ वरिष्ठ छात्रों ने कनिष्ठ छात्रों को रैगिंग के लिए अपने कमरे में बुला लिया तथा कनिष्ठ छात्रों को पालन हेतु कुछ समादेश दिए । जब यह सब चल रहा था, A तथा उसके दोस्तों ने B की, जिसने उनके समादेश का पालन करने से मना कर दिया था, हल्की सी पिटाई कर दी । B हृदय का रोगी था, वह बेहोश हो गया । A तथा उसके मित्रों ने उसको पुनः होश में लाने के लिए सभी प्रयास किए, पर सब व्यर्थ रहे । B को मृत मानकर A तथा उसके दोस्त उसे उसके हॉस्टिल

रूम में ले गए तथा आत्म–हत्या का इम्प्रैशन देने के लिए उसे लटका दिया । चिकित्सा–साक्ष्य से साबित हुआ कि मृत्यु लटकाए जाने के कारण हुई । A तथा उसके मित्रों ने यदि कोई अपराध किया है तो वह क्या है ?

3. (a) H, the husband killed this wife one night in the kitchen of his house. He was on terms of immoral intimacy with one Mrs. X. The husband had entertained suspicion about his wife's conduct with his cousin. On the fateful night husband and wife quarreled with culminated in the saying by the wife, "well, if it will ease your mind, I have been untrue to you" and she went on "I know I have done wrong, but I have no proof that you have not at Mrs. X." Upon hearing this, the husband lost his temper, picked up the hammer-head and struck on her head. She lost her life immediately.

On his prosecution for murder, H pleads, grave and sudden provocation. Will he succeed ?

(b) Distinguish between Hurt and Grievous Hurt.

(*a*) एक रात पति H ने अपनी पत्नी को अपने घर की रसोई में मार डाला । H की किसी मिसेज़ X के साथ अन्तरंगता थी । पति को अपने कज़िन (cousin) के साथ अपनी पत्नी के आचरण पर सन्देह हो गया था । उस घटनापूर्ण रात को पति तथा पत्नी में झगड़ा हुआ जिसकी चरम परिणति पत्नी द्वारा यह कहते हुए हुई , 'ठीक है, यदि इससे तुम्हारे मन को तसल्ली मिलती है तो मैं तुम्हारे प्रति बेवफा रही हूँ ।'' उसने आगे कहा, ''मैं जानती हूँ कि मैंने गलती की है पर मेरे पास इसका भी सबूत नहीं है कि आपका व्यवहार मिसेज़ X के साथ गलत नहीं है ।'' इतना सुनने पर पति ने अपना आपा खो दिया, हथौड़ा उठाया तथा पत्नी के सिर पर दे मारा । उसकी जीवन-लीला तत्काल समाप्त हो गई ।

हत्या हेतु उसके अभियोजन पर वह गंभीर और अचानक प्रकोपन का अभिवाक् करता है । क्या वह सफल होगा?

(*b*) उपहति तथा घोर उपहति के बीच विभेद स्पष्ट कीजिए ।

4. (a) Section 304-B and 498-A are supplementary to each other. Discuss.

(b) C. a cab driver appointed by MNC at Gurgaon makes trips to and fro from Delhi to Gurgaon commuting employees of the company. Due to strike by few cab drivers. C was requested to make more trips during day as well as night. On 24-4-2011 when he was making his 8th trip from Gurgaon to Delhi at 80 KMPH with ten employees on board at about 3 . 30 A.M., he being tired and exhausted felt sleepy and while negotiating a curved flyover, fell down from it causing death of 8 of the employees and injuries to rest including him. Has C committed any offence ? If so, state the offence and support your answer with decided cases.

(a) धारा 304-B और धारा 498-A एक दूसरे की अनुपूरक हैं । विवेचना कीजिए ।

(b) गुड़गांव स्थित एक बहुराष्ट्रीय कम्पनी द्वारा नियुक्त टैक्सी ड्राइवर C कम्पनी में आने-जाने वाले कर्मचारियों के लिए

गुडगांव से दिल्ली तथा दिल्ली से गुड़गांव के लिए ट्रिप लगाता था । कुछ टैक्सी ड्राइवरों के हड़ताल पर चले जाने के कारण C से अनुरोध किया गया कि वह दिन तथा रात के दौरान और अधिक ट्रिप लगाए । 24-4-2011 को जब वह दस कर्मचारियों को बिठाकर 80 कि.मी. प्रति घंटे की रफ्तार से 3.30 बजे पूर्वाह्न गुड़गांव से दिल्ली अपना 8वाँ ट्रिप लगा रहा था, वह थककर उनींदा हो गया तथा टेढ़े-मेढ़े फ्लाईओवर पर टैक्सी चलाते हुए फ्लाईओवर से नीचे गिर पड़ा, जिसके कारण 8 कर्मचारियों की मृत्यु हो गई तथा उसके समेत बचे हुए कर्मचारियों को चोटें लग गईं। क्या C ने कोई अपराध किया है ? यदि हाँ, तो अपराध का उल्लेख कीजिए तथा विनिश्चित केसों से अपने उत्तर की पुष्टि कीजिए ।

5. X and Y were childhood friends in the village. Both of them grew together and there was an understanding between them that they will eventually marry each other after X takes up a job in the city. X got a job and was to leave for the city. Before leaving for city,

he made a promise to Y that he will marrying her after he returns from the city with sufficient money for marriage. On the basis of said promise, he had a sexual intercourse with Y with the consent, before leaving for the city. In the city X was attracted to another girl Z in his office and started evading Y. Shocked by the conduct of X, Y files a criminal complaint against X for prosecuting him for offence of rape. X pleads that such sexual intercourse was with the consent of Y; therefore, he has committed no offence. Decide with the help of legal provisions and judicial decision.

X और Y गाँव में बचपन के दोस्त थे । दोनों साथ पले-बढ़े थे तथा उनके बीच समझौता था कि X के शहर में जॉब लगने के पश्चात् वे अन्ततः परस्पर विवाह कर लेंगे । X को जॉब मिल गया जिसके लिए वह शहर जाने वाला था । शहर को जाने से पहले उसने Y से वायदा किया कि वह विवाह के लिए पर्याप्त धन के साथ शहर से लौटने के पश्चात् उससे विवाह कर लेगा । उक्त वायदे के आधार पर उसने शहर जाने से पहले सहमति से उसके साथ मैथुन किया । शहर में X अपने कार्यालय

में एक अन्य लड़की Z की ओर आकर्षित हो गया तथा उसने Y से बचना शुरू कर दिया । X के इस तरह के आचरण से आहत हो कर Y ने बलात्संग के अपराध हेतु उस पर अभियोग चलाने के लिए X के विरुद्ध आपराधिक शिकायत फाइल करदी। X ने अभिवाक् किया कि उक्त मैथुन Y की सम्मति से किया गया था । अत: उसने कोई अपराध नहीं किया है । विधिक उपबन्धों तथा न्यायिक विनिश्चय की सहायता से विनिश्चय कीजिए।

6. (*a*) X while withdrawing money from the bank, was paid Rs. 1,000 in excess by mistake of the cashier due to heavy rush. X calculated and came to know of this excess amount. He kept it with him for some days and during next visit to the bank disclosed the fact and was ready to return the excess amount. Has X committed any offence ? Discuss.

(*b*) "Criminal breach of trust and cheating are two distinct offences generally involving dishonest intention but mutually exclusive and different in basic concept." Explain with the help of decided cases.

(*a*) X को बैंक से धन निकालते समय भारी भीड़ के कारण कैशियर की त्रुटि से 1,000 रुपए का अधिक भुगतान हो गया । X ने धन को गिना तथा उसे अधिक धन होने की जानकारी हो गई । उसने उक्त धन को कुछ दिन तक अपने पास रखा और बैंक के अगले दौरे के दौरान उसने उक्त तथ्य का खुलासा कर दिया तथा वह अधिक प्राप्त हुए धन को लौटाने के लिए उद्यत हो गया । क्या X ने कोई अपराध किया है ? विवेचन कीजिए ।

(*b*) न्यास का आपराधिक भंग तथा छल दो सुभिन्न अपराध हैं जिनमें सामान्यत: बेईमान आशय समाहित रहता है, किन्तु वे पारस्परिक रूप से अनन्य तथा आधारिक संकल्पना में भिन्न हैं ।

विनिश्चित केसों की सहायता से स्पष्ट कीजिए ।

7. (*a*) Point out the difference between kidnapping from India and Abduction.

(*b*) X, a minor girl was going to a vegetable market in search of work when she met a woman Y, who promised her work and asked to accompany. Y took X to her home and kept

her there till evening. Another women Z took her away from the home of Y to a bungalow where she was kept for two days. Before any further act could take place, police apprehended both women Y and Z along with minor X. State the liability of Y and Z in this case.

(*a*) भारत से व्यपहरण तथा अपहरण के बीच के अन्तर का उल्लेख कीजिए ।

(*b*) एक अवयस्क लड़की X काम की तलाश में जब सब्जी बाजार जा रही थी तभी उसकी एक महिला Y से मुलाकात हो गई । महिला ने उसको काम दिलाने का वायदा किया तथा उससे अपने साथ चलने को कहा । X को Y अपने घर ले गई तथा उसको वहाँ संध्या तक रखा । एक अन्य महिला Z उसे Y के घर से दूर एक बंगले पर ले गई जहाँ उसे दो दिन तक रखा गया । इससे पहले कि आगे कुछ और घटित होता पुलिस ने Y तथा Z दोनों महिलाओं को अवयस्क X सहित पकड़ लिया । इस मामले में Y तथा Z के दायित्व का उल्लेख कीजिए ।

8. Write *two* short notes among the following :

(*i*) Doctrine of transfer of Malice

(*ii*) Difference between theft and extortion

(*iii*) Sudden fight as partial defence under Section 300 IPC.

निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए :

(*i*) विद्वेष-अन्तरण का सिद्धान्त ।

(*ii*) चोरी तथा उद्दापन के बीच भिन्नता

(*iii*) भा. दं. सं. की धारा 300 के अन्तर्गत आंशिक प्रतिरक्षा के रूप में अचानक लड़ाई ।